# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेंल- spsrn-up@nic.in

## प्रेस-नोट, जनपद भदोही

*दिनांक- 08.10.2025*

◆**थाना गोपीगंज अन्तर्गत मोबाइल छिनैती करने वाला 01 शातिर स्नैचर गिरफ्तार**

◆**कब्जे से छिनैती का 01अदद मोबाइल बरामद**

◆**छिनैती किए गए मोबाइल को बेचने के फिराक में था आरोपी**

दिनांक-27.08.2025 को वादी गुलाम गौस पुत्र मोहम्मद रईस अंसारी निवासी पुरेगुलाब थाना गोपीगंज द्वारा सूचना दी गई समय करीब 8:45 रात को मोबाइल से बात करते वक्त पीछे से बुलेट सवार 03 व्यक्तियों द्वारा मोबाइल छीनकर भाग निकले हैं। जिसके संबंध में थाना गोपीगंज पर प्राप्त तहरीर के आधार पर **मु0अ0सं0 388/2025 धारा304 बीएनएस** में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।

**श्री अभिमन्यु मांगलिक**, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत चोरी/छिनैती की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में **श्री शुभम अग्रवाल**, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में मुखबिरी सूचना पर उ0नि0 नथुनी सिंह द्वारा वांछित शातिर स्नैचर अभियुक्त आकाश सिंह उर्फ बुद्धू पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी जगदीशपुर उम्र करीब 20 वर्ष को दानीपट्टी मोड़ से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। जिसके कब्जे से **01 अदद छिनैती का मोबाइल बरामद** किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में पंजीकृत अभियोग में धारा- 317(2) बी.एन.एस की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की गई।

**पूछताछ का विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्त आकाश सिंह उर्फ बुद्धू पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही द्वारा पूछताछ किया गया तो बताया गया कि छिनैती किया मोबाइल मैं तथा सत्यम उर्फ करिया पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम मानिकपुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज व अभिमन्यु सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी इब्राहिमपुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज द्वारा दिनांक 23.08.2025 को गोपीगंज मिर्जापुर रोड पर ग्राम चांदपुर गांव जाने वाले रोड के पास से एक व्यक्ति जो मोटरसाइकिल से गोपीगंज तरफ जा रहा था तथा अपनी मोबाइल से बात कर रहा था उससे मोबाइल छीनकर भाग गए थे ।इस मोबाइल को मैं बेचने के लिए एक व्यक्ति से बात कर रहा था तथा उसी को देने के लिए गोपीगंज बाजार जा रहा था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.आकाश सिंह उर्फ बुद्धू पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 20 वर्ष।

**वांछित अभियुक्तों का विवरण**

1.सत्यम सिंह उर्फ करिया पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह निवासी मानिकपुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज

2.अभिमन्यु सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी इब्राहिमपुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज

(अभिमन्यु सिंह वर्तमान समय में जिला कारागार मिर्जापुर में निरुद्ध तथा सत्यम सिंह वर्तमान में जमानत पर हैं।)

**बरामदगी-**

01अदद एंड्रॉयड मोबाइल रियल मी

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

उ0नि0 नथुनी सिंह, हे0कां0 आशुतोष कुमार थाना गोपीगंज जनपद भदोही